प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाराणसी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मल्टी–ट्रैकिंग प्रोजेक्ट को दी मंजूरी : काशीवासियों ने कहा– इससे क्षेत्र के विकास को मिलेगी और गति।
2. केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत वृद्धि और रबी की छह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी का लिया गया फैसला।
3. प्रधानमंत्री के 20 अक्टूबर को प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियां हुईं तेज : पुलिस कमिश्नर ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए दिशा–निर्देश

और

4. मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव का रास्ता हुआ साफ : भाजपा के पूर्व विधायक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में लम्बित याचिका को आज लिया वापस।

———————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज एक अहम फैसले में वाराणसी के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन रूट पर गंगा नदी के ऊपर पुल बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस पुल को ट्रेन और सामान्य परिवहन दोनों के लिए

इस्तेमाल किया जाएगा। 2 हजार 642 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस पुल को 4 साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह पुल विश्व का सबसे अधिक ट्रैफिक क्षमता वाला पुल होगा। बाइट.....

*इस इसमें डिसाइड हुआ है कि एक नया ब्रिज बनाये, जिस ब्रिज में नीचे वाले डेक में रेलवे लाइन होगी और ऊपर वाली डेक में 6 लेन का हाईवे होगा। यह वर्ल्ड में ट्रांसपोर्ट कैपिसटी, टैफिक कैपिसिटी में वन ऑफ दि बिग्रेस्ट ब्रिजेस में काउंट होगा। इसमें जरूरी है कि हमारा इंटायर ईस्ट और नार्थ ईस्ट और वेस्टन दोनों को जोड़ने का यह एक बहुत बड़ा कारिडोर है और इस कॉरिडोर में गंगा जी पर यह ब्रिज अपने आपमें एक बहुत बड़ा लैंडमार्क है। इस ब्रिज को कंसट्रैक्टकरने में 2642 करोड़ रुपये के ऊपर का इंवेस्टमेंट लगेगा।*

केन्दोय मंत्रिमंडल के इस फैसले का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षत्र वाराणसी के लोगों ने स्वागत किया है। निर्मल गंगा के लिए अविरल प्रयास करने वाले राजेश शुक्ला ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह फैसला वाराणसी के विकास को और गति देगा। बाइट......

*काशीवासियों में इसके लिये खुशी की लहर दौड़ पड़ी है क्योंकि पूरे पूर्वांचल में ही बल्कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ता यह पुल। यह पुल बन जाने से विकास के कई प्रतिमान स्थापित होंगे और निश्चित रूप से छह लेन का यह पुल विकसित भारत के निर्माण में एक मील का पत्थर साबित होगा।*

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज हुई बैठक में देश के करीब एक करोड़ केन्द्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। इस फैसले के तहत केंद्र सरकार के 49 लाख कर्मचारियों और 60 लाख पेंशनधारकों

का महंगाई भत्ता और महंगाई राहत 3 परसेंट बढ़ा दिया गया है। बाइट.....

*हमारे केन्द्र सरकार के जितने भी एम्लाइज हैं उन सबको बधाई आज कैबिनेट में डीए और पेंशनर्स के लिये डीआरए रिलीव को 3 परसेंट बढ़ाया है। 9448 करोड़ एनुवल हमारे सेन्ट्रल गर्वमेंट एम्प्लाइ के पेय चेक में एड होगा।*

इसके अलावा आज हुई बैठक में रबी की 6 फसलों के लिए एमएसपी बढ़ाने को भी मंजूरी दी गई है। इन फसलों की एमएसपी में 300 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ोतरी की गई है। श्री वैष्णव ने बताया फसलों में मार्जिन लागत के 50 फीसदी से कहीं ज्यादा दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह निर्णय अन्नदाता किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ ही उन्हें कृषि क्षेत्र में और अधिक निवेश करने के लिये प्रोत्साहित करेगा। साथ ही किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करेगा।

—————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री एक हजार दो सौ करोड़ से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तारीकरण की योजना शामिल है। प्रधानमंत्री सिगरा स्थित संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम का लोकार्पण भी करेंगे। उनके दौरे को

लेकर वाराणसी ज़िला प्रशासन तैयारियां तेज़ी से पूरी कर रहा है। इसी क्रम में वाराणसो के पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने आज संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। बाइट........

*प्रधानमंत्री जी के आगमन को ले करके इस तरह की हम लोग व्यवस्था बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं कि आम जनता को भी कोई तकलीफ ना हो इसके अलावा एक फुल प्रूफ सिक्योरिटी प्लान यहाँ पर रहेगा कई स्तर की सुरक्षा योजना हमारी है, जिसमें मल्टीप्ल लेवल ऑफ़ लेयर्स रहेंगे, उसमें हमारे एटीएस के जवान रहेंगे, एसपीजी तैनात रहेंगी इसके अलावा करीब पांच हज़ार पुलिस के जवान यहाँ पर तैनात किए जाएंगे रूफटॉप ड्यूटी लगेंगी ड्रोन से निगरानी की जाएगी।*

———————

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरूगन ने आज गौतमबुद्धनगर के सेक्टर–62 स्थित ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसलटेंट इंडिया लिमिटेड का दौरा किया। इस मौके पर श्री मुरुगन ने संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। केंद्रीय राज्यमंत्री ने नोएडा फिल्मसिटी के मारवाह स्टूडियोज और एशियन अकादमी ऑफ़ फिल्म एंड टेलीविज़न का भी दौरा किया।

———————

एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी आज हापुड़ में टोल प्लाजा मामले में बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय पहुंचे। कोर्ट में बयान पूरे दर्ज न होने पर उन्हें

गुरुवार को फिर न्यायालय में बुलाया गया है। इस मुकदमे की सुनवाई हापुड़ में अपर जिला जज द्वितीय की अदालत में चल रही है। असदुद्दीन ओवैसी के अधिवक्ता आरिफ खान ने बताया कि आज बयान पूरे दर्ज नहीं हुए हैं और कल फिर बयान दर्ज किए जाएंगे। गौरतलब है कि हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के छिजारसी टोल प्लाजा पर 3 फरवरी 2022 को मेरठ से दिल्ली लौटते हुए श्री ओवैसी पर हमला हो गया था।

---

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

---

प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है। भाजपा के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट से संबंधित इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में लंबित अपनी याचिका को आज वापस ले लिया। पूर्व विधायक ने बताया

कि उन्होंने यह याचिका सपा नेता अवधेश प्रसाद के निर्वाचन को लेकर दाखिल की थी। जब यह याचिका दायर की गई थी, तब वह मिल्कीपुर से विधायक चुने गए थे।

निर्वाचन आयोग ने कल प्रदेश की 10 में से सिर्फ़ 9 सीटों पर मतदान कराने की घोषणा की थी। उपचुनाव का एलान होने के साथ ही राजनीतिक दलों और प्रशासन ने तैयारियां तेज़ कर दी हैं। मिर्जापुर ज़िलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि मझवा विधानसभा सीट पर 3 लाख 99 हज़ार 259 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए 262 मतदान केंद्र और 442 मतदेय स्थल बनाए जाएंगे। बाइट.....

*निष्पक्ष पारदर्शी और निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए जो सभी आवश्यक व्यवस्था हैं SST team हमारी sst team video अवलोकन team या हमारी media प्रमाण अनुभिक्षर समिति call center की स्थापना यह सभी तैयारियां हमारी पूर्ण हो गई है इनमें 17 क्रिटिकल बूथ है और इसके अतिरिक्त सभी बूथ्स पर हमने डै की सुविधा और अन्य सभी सुविधाओं का सुनिश्चित किया जा रहा है*

———————

प्रदेश में परिवार कल्याण महानिदेशालय के तहत स्वास्थ्य कार्यकता महिला एएनएम के पांच हजार 272 पदों पर भर्ती के लिये ऑनलाइन आवेदन 28 अक्टूबर से 27 नवम्बर तक होंगे। शुल्क समायोजन व संशोधन की अंतिम तिथि चार दिसम्बर है। आवेदन शुल्क 25 रुपये है।

———————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज मेरठ क सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय किसान मेला और कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि मेले का उद्देश्य किसानो को नई– तकनीक से जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि यंत्रों और सोलर पम्प पर अनुदान दे रही है। बाइट.....

*कृषि यंत्रों के पोर्टल 23 मई तक खुला हुआ है और 50 प्रतिशत अनुदान परचिम्हित नाम वालों को उपलब्ध देने वाले हैं।10 हज़ार रुपए तक के अनुदान वाले कृषियंत्रों के लिए.कोई टोकन मनी जमा करने की जरूरत नहीं .है।शेष के लिए 1 लाख रुपए तक2500 रुपए का एडवांस जमा करना पड़ता है। और 1 लाख रुपए से उपर के लिए 5000। इसी प्रकारसे कुसुम सोलर पम्प पर 40 प्रतिशत अनुदान पर लगभग 40 हज़ार सोलर पम्प के लिए पोर्टलखुले हुए हैं।और किसान भाइयों से आग्रह है कि इस सुविधा का लाभ उठाएं।*

——————

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई की सीनियर महिला टी–20 प्रतियोगिता के ग्रुप डी के मुकाबले कल से लखनऊ में खेले जाएंगे। कल से 28 अक्टूबर तक कुल 21 मुकाबले लखनऊ में होंगे। सभी मैच अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में होंगे। ग्रुप डी में रेलवे, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, केरल और त्रिपुरा की टीमें हैं। प्रतिदिन तीन मुकाबले खेले जाएंगे।

——————